**न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित–।।, अम्बेडकरनगर**

सरकार––बनाम––प्रदीप सिंह आदि

सत्र परीक्षण संख्या–195/2016

**31.01.2020**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर अभियुक्तगण मुकेश, नितिन, गौरव, मनोज, व शकील उर्फ कक्कू उपस्थित। अभियुक्त प्रदीप पुत्र राम आसरे की हाजिरी माफी प्रस्तुत, आज के लिए स्वीकृत। अभियुक्त प्रदीप सिंह जेल से उपस्थित। अभियुक्त अखिलेश जेल से उपस्थित नहीं आया। अभियुक्त रिन्कू उर्फ नरेन्द्र अनुपस्थित । अभियुक्त गौरव सिंह की ओर से इस आशय का प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है कि प्रकरण में सह अभियुक्तगण की अनुपस्थिति के कारण आरोप विरचित नहीं हो सका है। कुछ अन्य कथनों के साथ अभियुक्त गौरव सिंह की पत्रावली पृथक कर निर्णीत करने की याचना की गयी।

इस सम्बन्ध में पत्रावली के परिशीलन से विदित हो रहा है कि यह प्रकरण वर्ष 2016 से सत्र सुपुर्द होकर लम्बित है। समस्त अभियुक्तगण के एक साथ उपस्थित न होने के कारण प्रकरण में अभीतक आरोप विरचित नहीं हो सका है। अभियुक्तगण आरोप विरचन हेतु व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। अभियुक्त रिन्कू उर्फ नरेन्द्र अनुपस्थित है, जरिये एन0बी0डब्लू0 तलब हो। पत्रावली वास्ते आरोप विरचन हेतु दिनांक–15.02.2020 को पेश हो।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित–।।

अम्बेडकरनगर